# वन्दे मातरम्

- **नये राजस्थान के नये संकल्प**

1-बिजली मीटर मुक्त राजस्थान | पूरे देश को फ्री बिजली की व्यवस्था होगी | बिजली से सम्बन्धित सभी मुकदमे खत्म किये जायेंगे |

2-किसानों (लघु एवं सीमांत ) को मासिक 5000/- रु. कृषि भत्ता दिया जायेगा एवं सभी प्रकार के कृषि संबंधित ऋण माफ किये जायेंगे |

3-बेरोजगार (स्नातक ) को 6000 /- रु. प्रतिमाह 2 वर्ष तक कोचिंग भत्ता एवं यात्रा मुफ्त साथ ही 10 लाख रु. का दुर्घटना बीमा |

4-घरेलु गैस में 50% सब्सिडी उपलब्ध करायेंगे |

5-पेट्रोल/ डीजल की कीमतों पर राज्य टैक्स में कमी की जायेगी |

6- प्रत्येक 25 km पर ट्रोमा सेंटर बनायें जायेंगे |

7-पंचायत स्तर पर दस्तावेज बनाने संबंधित केन्द्र खोले जायेंगे |

8-वृद्धावस्था पेंशन 5500/- रु. मासिक एवं विशेष योग्यजन पेंशन 7500/- रु. मासिक दी जाएगी | घरेलू विधवा पेंशन 5500 रु. दी जायेगी, जब तक वह पुनर्विवाह या नौकरी न करें |

9-महिलाओं को नि:शुल्क यात्रा उपलब्ध होगी |

10-प्राथमिक शिक्षा से लेकर कॉलेज शिक्षा नि:शुल्क उपलबध होगी |

11-शिक्षकों को "गुरु " के रूप में पुन:स्थापित किया जायेगा, शिक्षा कार्य के अतिरिक्त अन्य कार्यो से मुक्त किया जायेगा | सरकारी स्कूलों के भवन नए मॉडल के साथ स्थापित कर छात्र -छात्राओं को नि:शुल्क परिवहन व्यवस्था दी जाएगी |

12-राज्य की नदियों को आपस में जोड़कर नहरों के जरिये जन ग्राम-ग्राम तक पानी पहुँचाना लक्ष्य रहेगा |

13-जल पुर्न:भरण के लिए स्टेट हाईवे एवं सड़कों पर बहते पानी को भूमिगत जल पुर्न:भरण व्यवस्था |

14-वरिष्ठजन कल्याण बोर्ड का गठन | वरिष्ठजन कल्याण बोर्ड में वरिष्ठ नागरिकों को प्रति वर्ष नि: शुल्क धार्मिक यात्रा |

15-स्थानीय स्तर पर युवाओं को प्रति वर्ष में 3 लाख नौकरियां दी जाएगी |

16-संविदा एवं ठेका कर्मियों को नियमित किया जाएगा |

17-ग्राम स्तर पर ही युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना तथा ग्राम बचाओं-देश बचाओं मिशन चलाना |

18-नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं के लिए ग्राम स्तर स्थानीय बेरोजगार नर्सिंग कर्मियों की भर्तियां कर नये प्राथमिक उपचार केन्द्र स्थापित करके उनके माध्यम से सेवायें उपलब्ध कराई जाएगी |

19-पशुपालकों के पशुओं हेतु ग्राम स्तर पर पशु चिकित्सा उपलब्ध हो इसके लिए भर्तियां की जायेगी |

20-शहरीकरण के विस्तार पर लगाम लगाकर किसानों एवं ग्रामीणों को मजबूत करने की व्यवस्था लागू की जायेगी |

21- जनता के बिना किसी जाति एवं धर्म भेदभाव के व्यक्तिगत, पारिवारिक एवं सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना |

22-युवा की नेतृत्व क्षमता विकसित कर, सत्ता में भागीदारी करने हेतु तैयार करना |

23-भारतीय संस्कृति एवं संस्कार को पुनर्जीवित करना |

24-स्कूल, कॉलेजों में "वन्दे मातरम् " गीत का गायन अनिवार्य करना |

25-प्रतिदिन स्कूलों की प्रार्थना सभाओं में देश की प्रति निष्ठा और ईमानदारी से प्रतिज्ञा को दोहराना |

26-भारत के युवाओं को देश की राजनैतिक, धार्मिक , सामाजिक, व्यवहारिक एवं कानूनी स्थितियों से अवगत कराते हुए एक सूत्र में बांधना |

27-भारत देश की सांस्कृतिक परम्पराओं, मान्यताओं, इतिहास के प्रति जागृति लाने का कार्य करना |

28-व्यक्तिगत कर (इनकम टैक्स ) न्यूनतम 25 लाख वार्षिक तय करना |

29-न्याय व्यवस्था में भ्रष्टाचार रोकने के लिए शपथ पत्र के माध्यम से FIR दर्ज होगी, जांच के बाद झूठी पाये जाने पर 1 लाख रुपए का जुर्माना एवं जेल का प्रावधान होगा |

30-गरीबी रेखा से नीचे रखे गए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की आर्थिक आत्म निर्भरता की योजना पर कार्य करना |

31-युवा वर्ग को बिना गारंटी ऋण उपलब्ध कराना |

32-सभी प्रकार की सरकारी संस्थाओं में सभी प्रकार का शिक्षण - प्रशिक्षण मुफ्त उपलब्ध कराना |

33-प्राथमिक स्तर पर भारतीय संस्कृति एवं संस्कार (नैतिक, आध्यात्मिक एवं पर्यावरण ), सामाजिक व्यवहार (कला शिक्षा ), स्वयं की सुरक्षा (स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा ) एवं यातायात के नियम की शिक्षा अनिवार्य करना और परिणाम के अंको में शामिल करना |

34-सभी प्रकार के बड़े निर्णय जनता की रायशुमारी के आधार से बहुमत पर लागू किये जायेंगे |

35-कक्षा 8 से प्रतिवर्ष छात्रों को 5 पेड़ लगाने और उनका पालन करने पर अतिरिक्त अंक की व्यवस्था की जायेगी |

36-युवा वर्ग को देश के विविध रोजगार अवसरों की ओर ध्यान आकर्षित करना , जिसमें आर्थिक रूप से मजबूत देश का निर्माण हो सकें |

37- रोजगार आयोग स्थापित करना |

38-आमजन की सुरक्षा एवं अपराधों पर नियंत्रण हेतु क्षेत्र में नागरिक सुरक्षा दल का गठन किया जायेगा एवं घटित हो रहे अपराधों पर रोकथाम कर नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जायेगी |

39- सभी क्षेत्रों को मुफ्त / फ्री वाई फाई व्यवस्था प्रदान की जाएगी |

40-प्रमुख शहरों को राजधानी क्षेत्र से सीधी सड़क माध्यम से जोड़ना |

41-देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों का वेतन सामान्य सैनिकों से चार गुना किया जायेगा, जब तक वह सैनिक दुर्गम सेवा से सामान्य सेवा में न आ जावें |

42- सैनिक कल्याण , पुलिस कल्याण के लिए कार्य करना |

43- राजस्थान सरकार की नौकरियों में प्रदेश के युवाओं को 95% आरक्षण दिया जायेगा |

44-गैर सरकारी क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के साथ 75% नौकरी में आरक्षण दिया जायेगा |

45-समस्त परीक्षा प्रणाली ऑनलाइन की जाएगी , सभी प्रश्न-पत्र परीक्षा में पूर्ण ही ऑटोजनरेट होंगे | जिससे प्रश्न -पत्र आपस में दोहरायें नहीं जायेंगे |

46-सभी प्रकार की सरकारी भर्तियों के लिए फ्री कोचिंग सेंटर खोले जायेंगे |

47-सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ कठोर कदम उठाते हुए कानून बनायें जायेंगे |

48-1000 नई गौशालाएं खोली जायेंगी , उनमें सभी लावारिस पशुओं को रखा जायेगा |

49-सभी वीरगति प्राप्त सैनिकों के परिवारों की नये सिरे से सुध ली जाएगी , एवं पुर्नउत्थान  की व्याख्या की जायेगी |

50- अधिकतम 14% राज्य टैक्स (जी. एस. टी.) किया जायेगा |